# 4 वार्ड में आज से जीरो वेस्ट, 1 हफ्ते में सभी वार्ड होंगे शामिल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने की कवायद चल रही है। 18 वार्ड जीरो वेस्ट वार्ड बन चुके हैं, अब सोमवार से वार्ड 42, 43, 45 और 46 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाएंगे।

शहर में वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है। अब 22 मार्च से 4 और वार्ड को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने का काम शुरू किया जाएगा। निगम आयुक्त ने बताया जिन वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है, वहां सड़कों, गलियों व नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है। लोग खुद ही गीले व सूखे कचरे को अलग कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा पुष्ठा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शॉल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को अलग-अलग कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है।

## दरोगा को कहा पॉलीथिन भंडारण की जानकारी दो

आयुक्त ने बताया कचरे का मुख्य कारण पॉलीथिन है, इसलिए 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथिन को बंद किया जाना है। वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाइन दल को निगरानी रखने का कहा है कि भंडारण कहां होता है, विक्रय कौन-कौन करता है। सही जानकारी मिलने पर संबंधित की पॉलीथिन जब्त कर फुटकर व्यापारियों पर 50 व दुकानदारों पर 5,000 रुपए का स्पॉट फाइन किया जाए।

भास्कर

(11)

**कोरोना विस्फोट** • लापरवाही के चलते हमारे जिले में 103 दिन बाद एक साथ सामने आए इतनी बड़ी तादाद में संक्रमित

# इस साल पहली बार 45 पॉजिटिव, मार्च में 569.77% बढ़े एक्टिव केस... इस सप्ताह करें खुद का बचाव

• एक सप्ताह में 107% बढ़ गया है संक्रमण

• लापरवाही मिली तो दुकानों को सील करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में साल का सबसे बड़ा कोरोना बम फूटा है। रविवार को एकसाथ 45 पॉजिटिव सामने आए हैं, इससे पहले ऐसा 9 दिसंबर यानी 103 दिन पहले हुआ था। इधर, सबसे बड़ी चौंकाने वाली बात तो ये है कि मार्च के महीने में ही 569.77% एक्टिव केस बढ़ गए है। एक सप्ताह में संक्रमण 107% बढ़ा है। इस मान से अब आने वाले सप्ताह के खतरों से भरा होने की आशंका है। आपको खुद को बचाव करना होगा।

हमारे जिले में नवंबर-दिसंबर माह में कोरोना चरम सीमा पर था, इस बार चरम सीमा के दौरान मिलने वाले पॉजिटिव के बराबर पॉजिटिव सामने आ रहे हैं। रविवार को एक साथ 45 पॉजिटिव मिले। इससे पहले 9 दिसंबर को 47 संक्रमित सामने आए थे। वहीं एक्टिव केस का आंकड़ा भी 288 पर पहुंच गया है, जो 1 मार्च को 43 ही था। इधर, लगातार बढ़ते केस के साथ ही अब शहर में सख्ती बढ़ने के आसार बने हुए हैं।

**दुकानों पर अब लापरवाही मिली, तो होगी कार्रवाई :** इधर दुकानों पर लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की तैयारी है। दुकानदार यदि बिना मास्क के सामान बेचता है या ग्राहक बिना मास्क के सामान खरीदते हुए दिखते हैं तो 24 से 48 घंटे तक के लिए दुकान को सील कर दिया जाएगा। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया इसे लेकर फैसला हो चुका है। लापरवाही मिलती है तो जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## ये बदलाव की तस्वीर है... एक सप्ताह में ज्यादातर चेहरों पर लगे मास्क, अब इसे आदत बनाना होगा



रतलाम | सप्ताह खत्म होने के साथ ही बदलाव भी नजर आ रहा है। शुरुआत में जहां अलग-अलग इलाकों से बिना मास्क पहने लोगों की तस्वीरें सामने आ रही थीं, अब ज्यादातर लोग मास्क पहन रहे हैं। यह बदलाव चालानी कार्रवाई के बाद नजर आ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि, कोरोना की रफ्तार बेलगाम हो चुकी है। पिछले सात दिन में 198 पॉजिटिव मिले हैं जबकि इसके पिछले सप्ताह (7 से 14 मार्च) में 117 पॉजिटिव ही मिले थे। फोटो-चिंटू मेहता

**एक सप्ताह में मिले 200 से ज्यादा पॉजिटिव**

| दिनांक | पॉजिटिव |
|---|---|
| 15 मार्च | 25 |
| 16 मार्च | 29 |
| 17 मार्च | 29 |
| 18 मार्च | 39 |
| 19 मार्च | 39 |
| 20 मार्च | 37 |
| 21 मार्च | 45 |

## आज चूकें नहीं... 20 स्थानों में लगेगी कोरोना वैक्सीन, जरूर लगवाएं

रतलाम | जिले में सोमवार को 20 स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण किया जाएगा। संस्थाओं में 60 साल से अधिक आयु के सभी लोग और 45 से 60 साल की आयु के कोमार्बिडिटी से पीड़ित लोग अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी को लेकर केंद्र पर पहुंचकर टीका लगवा सकेंगे। जिले के बाल चिकित्सालय में 500 और मेडिकल कॉलेज में 400 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य है। रेलवे हॉस्पिटल में फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीके लगाए जाएंगे। सिविल अस्पताल जावरा में 300, सिविल अस्पताल आलोट में 200 लोग, सीएचसी ताल में 200 लोग व सीएचसी बाजना, सैलाना, पिपलौदा में आदि में टीके लगेंगे।

### एसएमएस का ख्याल रखें

*• लोगों से अपील है कि एसएमएस यानी सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क और सैनिटाइजेशन का ख्याल रखें। बुजुर्ग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकले तो बेहतर रहेगा। बहुत ज्यादा सावधानी रखने की जरूरत है।*

**डॉ. गौरव बोरीवाल,** एपिडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

दै. भास्कर 22/03/2021

10

# इस साल पहली बार एकसाथ 45 मरीज

## मार्च के 21 दिनों में 410 मामले, पाजिटिव रेट पांच प्रतिशत से ज्यादा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण लगातार पैर पसार रहा है। संक्रमण रोकने के लिए अब सैंपलिंग भी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर 600 से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। रविवार को 45 नए मरीज मिले। इस साल एक दिन में मिलने वाले मरीजों की यह सर्वाधिक संख्या है। चिंताजनक बात यह है कि संक्रमण की दर पांच प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।


रविवार को 786 रिपोर्ट में 45 पाजिटिव मिले और 19 मरीज डिस्चार्ज हुए। संक्रमितों की कुल संख्या 4828 पहुंच गई है और 4455 स्वस्थ हुए और 85 की मौत हुई। मार्च के 21 दिन में 410 नए मरीज मिले, 136 स्वस्थ हुए और तीन की मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 288 पहुंच गई है।

**इन इलाकों से मिले नए मामले**

सुमन मेंशन नागरवास, अलकापुरी, जवाहर नगर, गांधीनगर, कोमल नगर, चांदनी चौक, पोरवाड़ों का वास शहर सराय, पीएनटी कालोनी, टैगोर कालोनी, विनोबा नगर, संत नगर, ओल्ड रेलवे कालोनी, दिलीप नगर दीनदयाल नगर, कोटा वाला बाग, शहीद चौक, जिला जेल, एमबी नगर, पावर हाउस रोड, शांति नगर कस्तूरबा नगर, अरिहंत परिसर, सैफी नगर, टीआइटी रोड, शास्त्री नगर, प्रताप नगर, बरबड़, राजीव नगर, शुभ लाभ कालोनी, उप जेल जावरा, गुड़भेली, ताल, ग्राम धतुरिया बिलपांक के व्यक्तियों के सैंपल पाजिटिव आए हैं। नईदुनिया

**कककक**

| तारीख | सैंपल | पाजिटिव | मृत | स्वस्थ | एक्टिव |
|---|---|---|---|---|---|
| 09 मार्च | 283 | 15 | 01 | 05 | 69 |
| 10 मार्च | 235 | 19 | 00 | 02 | 86 |
| 11 मार्च | 120 | 15 | 00 | 07 | 94 |
| 12 मार्च | 331 | 16 | 01 | 08 | 101 |
| 13 मार्च | 369 | 24 | 00 | 00 | 124 |
| 14 मार्च | 142 | 21 | 00 | 07 | 138 |
| 15मार्च | 390 | 25 | 00 | 08 | 155 |
| 16 मार्च | 368 | 29 | 00 | 09 | 175 |
| 17 मार्च | 450 | 29 | 00 | 08 | 196 |
| 18 मार्च | 707 | 39 | 00 | 13 | 222 |
| 19 मार्च | 602 | 39 | 00 | 14 | 247 |
| 20 मार्च | 685 | 37 | 21 | 01 | 262 |
| 21 मार्च | 786 | 45 | 19 | 00 | 288 |



**आज 20 स्थानों पर होगा टीकाकरण**

जिले में सोमवार को कोविड टीकाकरण कार्ययोजना में जिले की 20 स्वास्थ्य संस्थाओं पर 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों एवं 45 वर्ष से 60 वर्ष आयु के कोमार्बिडिटी के लोग अपनी जन्म तारीख दर्शाने वाली आइडी को लेकर आन स्पाट बुकिंग कराकर टीका लगवा सकेंगे। जिले के बाल चिकित्सालय में 500 व मेडिकल कालेज रतलाम में 400 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रहेगा।

रेलवे हास्पिटल में केवल फ्रंटलाइन वर्कर को टीके लगाए जाएंगे। सिविल अस्पताल जावरा में 300, सिविल अस्पताल आलोट में 200, सीएचसी ताल में 200 लोगों का तथा सीएचसी बाजना, सैलाना, पिपलौदा, पीएचसी रावटी, सरवन, शिवगढ़, कालूखेड़ा, उपस्वास्थ्य केन्द्र कुंदनपुर, गढ़ाखदिया, राजापुरा माताजी, ढावलीझोडिया में में 100-100 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य रहेगा। समस्त सरकारी अस्पतालों में कोविड टीकाकरण निशुल्क है।

नईदुनिया 22/03/2021

२२/०३/२०२१

## लोकल ब्रांड की भरमार

बोतलबंद पानी के बाजार में बड़े ब्रांड के साथ छोटे व लोकल ब्रांड की भरमार है। रतलाम में अलग-अलग नामों से ही करीब 35 ब्रांडों का पानी बिकता है। इसमें सात तो रतलाम के ही हैं। 250 एमएल, आधा लीटर व एक और दो लीटर की बोतलें बिक रही हैं। शादी समारोह में भी पानी की केन के साथ छोटी बोतलों का चलन बढ़ गया है।

"जलदिवस पर ही नहीं बल्कि हर समय जल बचाने की आवश्यकता है। बोतलबंद पानी के स्थान पर घर में ही पानी को कई तरीकों से शुद्ध व साफ किया जा सकता है। जलस्रोतों से पानी लेने के साथ-साथ उनके रिचार्ज किया जाना भी जरूरी है।

-आनंद व्यास, जिला जल सलाहकार रतलाम

## आज शास्त्री नगर में लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सोमवार को शास्त्री नगर में नगर निगम का बकाया वसूली शिविर लगाया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं जो 27 मार्च तक चलेंगे। वार्ड क्रं. 33, 34 व 35 के लिए 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रं. 33 व 34 के लिए 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रं. 30, 31, 32 व 34 के लिए 25 से 26 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रं. 16 व 17 के लिए 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित होंगे। शिविर में लोग नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क व विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त व भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। अब तक शिविर में 62,31,144 रुपए का संपत्तिकर व 13,43,910 रुपए का जलकर जमा हो चुका है।

भास्कर

दै. भास्कर 22/03/2021

## बकाया वसूली शिविर आज शास्त्रीनगर में

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर को लगाए जा रहे हैं।

शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिए 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिए 23-24 मार्च को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिए 25-26 मार्च को स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिए 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

## निगम का मुखर्जी नगर में आज से आवास मेला

रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी फ्लेटों का ऑन लाईन निविदा के माध्यम से विक्रय किये जाने हेतु सोमवार से सुबह आवास मेला महोत्सव आयोजित किया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में 94 एमआईजी फ्लेट निर्मित है जो 2 बीएचके के होकर सुपर बिल्ट-अप एरिया 91.23 वर्ग मीटर है जिसका आरक्षित मूल्य रूपये 22 लाख रूपये है तथा ऑन लाईन विक्रय हेतु ई-टेंडर अपलोड करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

(२)

# नगर के सभी वार्ड चरणबद्ध तरीके से बनेंगे जीरो वेस्ट वार्ड

## 21 मार्च तक 18 वार्ड बन चुके है जीरो वेस्ट वार्ड

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। 21 मार्च की स्थिति में नगर के 18 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है। रतलाम नगर को स्वच्छता में देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 4 व 46को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डों को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाकर संपूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जायेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है। जीरो वेस्ट वार्ड 1,3, 7, 8, 14, 17, 18,19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जावेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलायें अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये ५० माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर पांच हजार का स्पॉट फाईन किया जाये। अवन्तिका।

अवन्तिका 22/03/2021

(4)

# माणकचौक में दुकान के बाहर मिला कचरा, दुकान सील



कचरा मिलने पर माणकचौक में जूते-चप्पल की दुकान सील की गई। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा शहर को जीरो वेस्ट बनाने के लिए क्रमवार वार्डों को जीरो वेस्ट घोषित किया जा रहा है। माणकचौक बाजार को इसमें लिए जाने के बाद यहां सुबह व रात में कचरा संग्रहण वाहन भेजे जा रहे हैं। इसके बाद भी दुकानों का कचरा सड़क पर डाला जा रहा है।

रविवार रात नौ बजे निगम स्वास्थ्य विभाग प्रभारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे, विराम मेहरा ने क्षेत्र में कचरा डालने वालों की पहचान की और दो दुकानदारों पर 2000-2000 का जुर्माना किया। कमल मोली की जूते-चप्पल की दुकान के बाहर प्लास्टिक व अन्य कचरा मिलने पर दुकानदार को फोन कर बुलवाया गया, लेकिन वह नहीं आया। करीब आधे घंटे इंतजार करने के बाद निगम अमले ने दुकान सील कर दी। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सिंह ने बताया कि निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो बार कचरा संग्रहण भेजने के बाद भी सड़कों पर कचरा डालने वालों पर जुर्माना कर एक दुकान सील की है।

**बालाजी नगर फीडर का मेंटेनेंस कल**

रतलाम। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 23 मार्च को 11 केवी बालाजी नगर फीडर का प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इससे बालाजी नगर, तैजा नगर, शुभम रेसिडेंसी, संत रविदास चौक, करमदी रोड, कालिका विहार कालोनी, तुलसी विहार कालोनी आदि आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रातः 08:30 से 12:30 बजे तक बंद रहेगी।

नईदुनिया

नईदुनिया 22/03/2021

## कचरा बाहर फेंकने पर दुकान को किया सील

रतलाम। माणकचौक क्षेत्र वार्ड नंबर 41 जीरो वेस्ट है। उसके बावजूद वहां गंदगी मिलने पर नगर निगम की स्वास्थ्य टीम ने कार्रवाई की। माणकचौक थाने के पास स्थित जूते-चप्पल की दुकान संचालक ने रविवार रात को दुकान बंद करने के पहले दुकान का कचरा बाहर फेंक दिया था। इस पर टीम ने दुकान सील कर दिया। स्वास्थ्य निरीक्षक एपी सिंह ने बताया उक्त दुकान कमल नामक युवक संचालित करता है। दो अन्य दुकानों पर भी 2000-2000 का जुर्माना लगाया है।


पत्रिका

(12)

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की नागरिकों से अपील

# आमजन कोरोना से बचाव की सावधानियों का पालन करें

## प्रदेश में कल होगा संकल्प अभियान, सुबह 11 और शाम 7 बजे बजेगा सायरन



भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में इन्दौर, भोपाल सहित अन्य स्थानों से पूर्व माह की तुलना में कोरोना के पॉजिटिव प्रकरण ज्यादा आ रहे हैं। यह चिंता का विषय है। आमजन को इस संक्रमण से बचाने के लिए राज्य सरकार अपना दायित्व निर्वहन करेगी। इसके साथ ही आमजन भी अच्छी तरह सावधानियों का उपयोग करें। कोरोना से बचाव के लिए सभी उपायों को अपनाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा 23 मार्च को संकल्प अभियान होगा। इसके अंतर्गत 23 मार्च को प्रदेश में सुबह 11 और शाम 7 बजे सायरन बजेगा। आमजन 2 मिनट का संकल्प लेंगे, जिसमें मास्क का उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना शामिल है।

**मास्क पहनाए हैं, अब सोशल डिस्टेंसिंग के लिए कार्य करूंगा:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि व्यक्तियों की बीच परस्पर दूरी रखने के लिए पहले भी उपाय किए गए थे। इसका आम जनता ने पालन भी किया था। अब फिर से ऐसी आवश्यकता महसूस की जा रही है। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए दुकानों के सामने ग्राहक के खड़े होने के लिए गोले बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने भोपाल के न्यूमार्केट में शनिवार की शाम आमजनता को मास्क बांटे और पहनाए हैं। मास्क के उपयोग के लिए हर किसी को जागरूक होना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद भी इस कार्य को देखेंगे, आवश्यक हुआ तो वे खुद भी गोले बनाएंगे। संकल्प अभियान में सायरन बजने पर लोग निर्धारित समय पर अपने स्थान पर रुक जाएंगे और मास्क लगाने का, सामाजिक दूरी बनाए रखने का संकल्प लेंगे, ताकि संक्रमण को रोका जा सके।

### मेरी होली- मेरे घर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरी होली-मेरे घर के नारे को त्यौहार पर दिनचर्या में उतारा जाएगा। त्यौहार पारिवारिक स्तर पर पूरी सावधानियों के साथ मनाए जाएं। संक्रमण को रोकना हम सभी के हाथ में है। कोरोना के वायरस से बचने के लिए मास्क एक अचूक उपाय है।

### जिलों के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से चर्चा भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वे जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से संवाद करेंगे। कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलेगा। हमारी सावधानियां ही वायरस से बचाने में मददगार होंगी।

### सीएम शिवराज ने मध्यप्रदेश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण पर की चिंता व्यक्त

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ''प्रदेश में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है, जिसे रोकना जरूरी है।'' श्री चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि कोविड-19 की लहर प्रदेश में बहुत तेजी से बढ़ रही है। रविवार को इंदौर, भोपाल और जबलपुर में लॉकडाउन है। शनिवार को 1,332 मामले सामने आये हैं। प्रदेश के अनेक जिलों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इसे रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बाधित किया जाए, लेकिन कोरोना की बढ़ती रफ्तार मन में चिंता पैदा कर रही है।

राज एक्सप्रेस 22/03/2021

7

# ये है कर्मचारी कॉलोनी की स्थिति

# सड़क निर्माण के लिए खुदाई की, सात दिन से काम बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

80 फीट रोड के पास कर्मचारी कॉलोनी में सड़क बनना है। इसके लिए खुदाई भी हो गई है, लेकिन उसके बाद से काम बंद है। सात दिन हो गए हैं। अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। सड़क के साथ ही नालियां खुदने से इसका पूरा गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे कीचड़ हो रहा है। इससे पैदल निकलना मुश्किल है और जो वाहन से निकल रहा है वो फिसल रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम को भी की है। लेकिन अब तक सड़क का काम शुरू नहीं हो पाया है।

क्षेत्र के रहवासी हेमंत बागड़ी ने बताया कर्मचारी कॉलोनी की मुख्य सड़क है। बावजूद इसके यह स्थिति है और सड़क की खुदाई के बाद काम ही बंद कर दिया गया है। जब काम शुरू नहीं करना था तो सड़क की खुदाई ही क्यों की। सड़क निर्माण के लिए इसकी खुदाई कर तो निर्माण एजेंसी चली गई। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण ही शुरू नहीं हो पाया है। इससे नालियां टूट गई हैं और सड़क भी नहीं बन पाई है। जैसे तैसे निकल रहे हैं।



सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से कर्मचारी कॉलोनी की मुख्य सड़क पर हो रहा कीचड़। भास्कर

दै. भास्कर
22/03/2021

(6)

# सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी, ज्ञापन सौंपा

रतलाम। मप्र महावाल्मीकि पंचायत और समस्त हिंदू समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विदिशा सरपंच वाल्मीकि संतराम व सोनू डागर की हत्या करने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की गई। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर पूरे प्रदेश के वाल्मीकि समाज द्वारा सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी गई।

पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राहुल निधाने, महामंत्री पुखराज बिड़वाल, राजेश कटारिया, रामबाबू शर्मा, रवि निधाने, रायव त्रिवेदी, मनोज शर्मा, जनक नागल, मयूर पुरोहित, राहुल सोनी, सुनील रोतेला, अक्षय व्यास, विल्लव जैन, सौरभ शर्माल राहुल बिड़वान, शंकरलाल, मोहित तोमर, शुभम डागर, राजीव कंडारे आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया 22/03/2021

## अनुपस्थित 17 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 20 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 17 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## अनुपस्थित 17 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम ● निगम के चारो झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में बिना सूचना के 17 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झॉरिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 17 सफाई संरक्षक अनुपस्थित, वेतन काटा

रतलाम | बिना सूचना 17 सफाई संरक्षक अनुपस्थित मिले। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिन का वेतन काटा गया है। अस्थायी कर्मचारियों को बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित करने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र भी दिया।

## 17 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम. नगर के विभिन्न वार्डों में 20 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 17 सफाई संरक्षकों द्वारा अनुपस्थित पाये जाने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

(8)

# गांव से शहर तक धड़ल्ले से बिकने लगा बोतलबंद पानी

## भूमिगत जलदोहन तेजी से बढ़ा : पानी पर बह रहा बेशुमार पैसा, कोरोना के दौर में दो गुनी हुई खपत




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में पेयजल के लिए बोतलबंद व आरओ केन से आपूर्ति का व्यापार बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि शुद्ध पेयजल के लिए लोग सार्वजनिक स्थानों पर लगे नल, हैंडपंप से पानी लेने की बजाय सीधे बोतलों का पानी खरीदते हैं। पानी के इस धंधे से भूमिगत जलदोहन भी बढ़ता जा रहा है। गर्मी के दिनों में प्रतिदिन एक लाख से अधिक पानी की बोतलें बिक जाती हैं। जिला मुख्यालय पर करीब 360 स्थानों पर बोरिंग के पानी को आरओ फिल्टर से साफ कर ठंडा करने के बाद 20 लीटर की केन में भरकर बेचा जाता है।

एक केन के 25 रुपये लिए जाते हैं। करीब 25 से 30 हजार केन प्रतिदिन बिकती हैं। इसके अलावा शादी समारोह में भी इन्हीं केनों से पानी सप्लाई होता है। गंभीर बात यह है कि बोतलबंद पानी का बड़ा बाजार भूमिगत जलदोहन बढ़ा रहा है।



पानी की केन सप्लाय करते हुए युवक। • नईदुनिया

जिला मुख्यालय से लेकर सैलाना-बाजना विकासखंड के दूरस्थ गांवों तक यही पानी बिक रहा है।

### बोतल बंद पानी के नुकसान भी

पानी की आपूर्ति के लिए प्लास्टिक बोतल बनाने में एंटीमनी नाम के रसायन का भी इस्तेमाल किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बोतलबंद पानी जितना पुराना होता जाता है, उसमें एंटीमनी की मात्रा उतनी ही बढ़ती जाती है। इस रसायन के व्यक्ति के शरीर में जाने पर जी मिचलाने, उल्टी और डायरिया जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बोतलबंद पानी में शुद्धता और स्वच्छता का दावा चाहे जितना हो, लेकिन सेहत की दृष्टि से सही नहीं है। कंपनियां भी तय मानकों का पालन नहीं कर रही हैं।

केन से पानी बेचने वालों ने तो बगैर पंजीयन के ही कामकाज चालू कर रखा है। इसमें पानी की शुद्धता की बजाए ठंडेपन पर ही ध्यान दिया जाता है। आरओ वाटर प्लांट पर एक लीटर पानी तैयार करने में करीब दो लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसके अलावा प्लास्टिक पाउच में बेचा जाने वाला तो सर्वाधिक घातक है।

नईदुनिया

(3)

स्वच्छता अभियान के तहत

# वार्ड 42, 43, 45 व 46 में जीरो वेस्ट का कार्य आज से

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर को जीरो वेस्ट बनाए जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व-सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।

नगर के 18 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है। रतलाम नगर को स्वच्छता में देश में नम्बर 1 बनाने के नागरिकों व निगम कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए 22 मार्च सोमवार से वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डों को चरणबद्ध तरीके से जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाकर संपूर्ण रतलाम नगर को जीरो वेस्ट नगर बनाया जाएगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है। नागरिक भी प्रातः अपने घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वयं गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है। इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व-सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटाई कर एकत्रित किया गया। वार्ड क्रमांक 42, 43, 45 व 46 के भी नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जाएगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व-सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवनयापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लोव्स, मास्क आदि उपलब्ध कराए गए है। इन्हें वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा। स्वदेश।

स्वदेश। 22/03/2021

(1)

नगर निगम करेगा जागरूक

# मिट्टी के कुल्हड़, पत्ते के दोने, पेपर स्ट्रॉ की पहल करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम अब मिट्टी के कुल्हड़, पत्ते के दोने, पेपर स्ट्रॉ सहित अन्य सामान के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। ऐसा पॉलीथिन का उपयोग बंद करने के लिए किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में पॉलीथिन बैग व डिस्पोजेबल आइटम पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

पूरी तरह चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। झारिया ने कहा कि 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथिन को पूरी तरह प्रतिबंधित करना है। प्लास्टिक व थर्मोकोल के डिस्पोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। पॉलीथिन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कंटेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तों से निर्मित बाउल, केले के तने व नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट व बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। निगम आयुक्त ने पॉलीथिन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भंडारण व उपयोग होने पर जब्ती व अर्थदंड की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भास्कर

दै. भास्कर 22/08/2021

## पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम होगा प्रतिबंधित-आयुक्त

रतलाम। गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में निर्देषित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है।

आप किस्सा